<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**14 जुलाई** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ–कानपुर एक्सप्रेस–वे का किया उद्घाटन। आज से की जा सकेगी यात्रा।
- रक्षा मंत्री ने लखनऊ के किंगजॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के 22वें दीक्षांत समारोह को किया संबोधित। कहा– स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है भारत।
- श्रीराम जन्मभूमि मंदिर चढ़ावा प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय ने एस.आई.टी. से मांगी जांच की स्टेटस रिपोर्ट। गिरफ्तार आरोपियों की न्यायिक हिरासत 14 दिन और बढ़ी।
- आज लखनऊ में राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ बैठक करेगी एक राष्ट्र–एक चुनाव को लेकर गठित संयुक्त संसदीय समिति।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ–कानपुर एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। उद्घाटन से पहले तीनों नेताओं ने उन्नाव में एक्सप्रेस–वे का निरीक्षण किया। इसके बाद वे एक्सप्रेस–वे से लखनऊ लौटे और सैनिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर करीब चार हजार आठ सौ पचास करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया। इनमें लखनऊ–कानपुर एक्सप्रेसवे का उद्घाटन, लखनऊ–हरदोई राजमार्ग के एक हिस्से को चार लेन बनाने के कार्य का उद्घाटन तथा लखनऊ में एक फ्लाईओवर की आधारशिला रखना शामिल है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री  योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लखनऊ कानपुर एक्सप्रेस–वे प्रदेश की कनेक्टिविटी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा।

**राज्य आज सबसे ज्यादा एक्सप्रेस वे का नेतृत्व कर रहा है और आज हम लोग प्रदेश की दो मेट्रोपोलिटन सिटी की ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे के साथ कनेक्टिविटी, यह हमारे एससीआर को स्टेट कैपिटल रीजन के जो हमारे जनपद हैं लखनऊ के इर्द गिर्द इन सब को जोड़कर के लखनऊ को एक भारत की इकोनॉमी के ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित करने के सामने किए जाने वाले उस प्रयास का हिस्सा है।.**

इस अवसर पर रक्षामंत्री ने कहा कि इस एक्सप्रेस–वे के शुरू होने से प्रदेश में उद्योंगो का और तेजी से विकास होगा।

**कानपुर के पास ऐतिहासिक रूप से डिफेंस प्रोडक्शन की यह पुरानी विरासत है जो कि अभी ब्रह्मोस मिसाइल की इंडस्ट्री जो यहां पर स्थापित हुई है और मैं आपको यह भी बतलाना चाहता हूं कि वह समय दूर नहीं है। कुछ ही महीनों के अंदर कुछ और बड़ीदृबड़ी इंडस्ट्री लखनऊ के आसदृपास स्थापित होने जा रही हैं और अब मुख्यमंत्री जी ने सहज रूप से उसकी अपनी स्वीकृति दे दी है।**

केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने लखनऊ–कानपुर एक्सप्रेसवे को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे प्रदेश में संपर्क व्यवस्था मजबूत होगी।

**लखनऊ में बना हुआ यह एलिवेटेड थ्री लेयर फ्लाइ ओवर यह विश्व के आकर्षण का केंद्र बनेगा, ये विश्वास मैं आपको देना चाहता हूं। इस रोड में जो सर्विस रोड है वो भी हम बना रहे हैं। तो इसके ऊपर में मासरैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम ऑन इलेक्ट्रिसिटी यह तैयार करके दूंगा, जिससे एक कोने से दूसरे कोने कब पहुंचे पता नहीं चलेगा, यह भी शुरुआत इसमें करने की कोशिश करूंगा**

हमारे संवाददाता ने बताया कि एक्सप्रेस वे से दोनों शहरों के बीच यात्रा का समय कम हो जाएगा।

**63 किलोमीटर लंबे और 6 लेन वाले लखनऊ–कानपुर एक्सप्रेसवे–से दोनों शहरों के बीच यात्रा का समय घटकर मात्र 35 से 45 मिनट रह जाने की उम्मीद है। इस पर टोल 275 रुपये होगा और दोपहिया तथा तिपहिया वाहनों को चलाने की अनुमति नहीं होगी। एआई–आधारित गति नियंत्रण प्रणाली, हर दो किलोमीटर पर आपातकालीन कॉल बॉक्स और दो एकीकृत कंट्रोल रूम वाला, यह एक्सप्रेस–वे 120 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार के लिए डिजाइन किया गया है और इस पर कोई बैरियर नहीं है। सुशील चन्द्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।**

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों और सड़क अवसंरचना से जुड़ी प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की।

**********

रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कल लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल युनिवर्सिटी के बाइसवें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल इलाज उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाना भी है।

**पिछले बारह वर्षों में भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार का लक्ष्य केवल इलाज उपलब्ध कराना ही नहीं है, बल्कि एक्सेसेबल, अफोरडेबल और क्वॉलिटी ड्राइवेन हेल्थ केयर सिस्टम बनाना भी रहा है। आज भारत स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से अपने कदम आगे बढ़ा रहा है।**

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे में अनियमितता के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल– एस.आई.टी. से जांच संबंधी स्टेटस रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

**सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग से जुड़ी याचिकाओं पर केन्द्र सरकार, प्रदेश सरकार और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने एसआईटी की संरचना का विवरण भी मांगा है। मामले की अगली सुनवाई सोमवार को होगी। इस बीच, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर चढ़ावे में अनियमितता मामले में सुनवाई के दौरान एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज प्रतिभा नारायण ने आठों आरोपियों की न्यायिक हिरासत 14 दिन और बढ़ा दी है। अब आरोपियों की पेशी 27 जुलाई को होगी। वहीं, एसआईटी ने मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए धर्म सेना के अध्यक्ष संतोष दुबे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करीब एक घंटे तक पूछताछ की। समाचार कक्ष से अरूण।**

**********

सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर–शाही ईदगाह मस्जिद और संभल की विवादित शाही जामा मस्जिद से जुड़े विवादों को विशेष लोक अदालत के माध्यम से सुलझाने के निर्देश दिए हैं। यह विशेष अदालत इक्कीस से तेइस अगस्त को सुप्रीम कोर्ट परिसर में आयोजित होगी। कार्यवाही से पहले इन मामलों से जुड़े पक्षों को लोक अदालत से पहले होने वाली सुलह वार्ता में शामिल होने के लिए नोटिस भेजे गए हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर 'योगी की पाती' साझा करते हुए लोगों से वृक्षारोपण को अपने जीवन के संस्कारों और उत्सवों से जोड़ने की अपील की।

**अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वृक्षारोपण महायज्ञ–2026 के अंतर्गत 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में प्रदेश ने 40 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य पूरा कर नया इतिहास रचा है। यह 'नए भारत' के 'नए उत्तर प्रदेश' के नवसामर्थ्य का जयघोष है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, आने वाली पीढ़ियों के प्रति उत्तरदायित्व और जीवन संरक्षण का संदेश समेटे यह अभियान सनातन चेतना का महोत्सव है। श्री योगी ने लोगों से अपील की है कि परिवार के शुभ अवसरों, मांगलिक आयोजनों और विशेष दिनों को वृक्षारोपण से जोड़कर हमे प्रकृति के प्रति अपना दायित्व निभाना चाहिए। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

'एक राष्ट्र–एक चुनाव' को लेकर गठित संयुक्त संसदीय समिति– जेपीसी आज लखनऊ में राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ बैठक कर 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के मुद्दे पर उनके विचार जानेगी। लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने बताया कि कल समिति ने प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, बैंकर्स और वकीलों से विचार विमर्श किया।

**********

राज्य के विभिन्न जिलों में बारिश का क्रम जारी है। गोरखपुर और इसके आसपास के कई जिलों में कल दिन में उमस भरी गर्मी महसूस की गई, हांलाकि रात में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी रहा। इस बीच, मौसम विभाग ने प्रदेश में आगामी उन्नीस जुलाई तक वर्षा जारी रहने की संभावना जतायी है।

**********